ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 59 ]
Total No. of Questions : 59 ]

**C**

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **80**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

**Code No. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**(ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater)**

ದಿನಾಂಕ : 27. 03. 2020 ] [ Date : 27. 03. 2020
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125 ] [ Max. Marks : 125

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 59 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**Tear here**

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए ।** 10 × 1 = 10

1. 'सकारात्मक' शब्द का विलोम रूप है –
   (A) सार्थकता (B) नकारात्मक
   (C) सत्कार्य (D) रचनात्मक ।
2. 'विधवा' शब्द का अन्य लिंग रूप है –
   (A) विधुर (B) विदुषी
   (C) विधायक (D) विद्वान ।
3. 'सीना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –
   (A) सोना (B) सिलाना
   (C) सिखाना (D) सुलाना ।
4. 'उचित' का भाववाचक संज्ञा रूप है –
   (A) अनुचित (B) उच्च
   (C) औचित्य (D) उच्चतम ।
5. 'आग से खेलना' मुहावरे का अर्थ है –
   (A) हाथ-बटाना (B) आग लगाना
   (C) कष्ट सहना (D) खतरा मोल लेना ।
6. निम्नलिखित में से प्रत्यय युक्त शब्द है –
   (A) गरमाहट (B) अनुरूप
   (C) बेईमान (D) अगोचर ।
7. 'औरतें' शब्द का एकवचन रूप है –
   (A) नारी (B) औरत
   (C) सखी (D) औरतों ।
8. 'नयन' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –
   (A) नवीन (B) द्वितीय
   (C) आँख (D) दृढ़ ।

9. राधा मधुर गाती है । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है —

(A) विशेषण (B) क्रिया

(C) सर्वनाम (D) क्रिया-विशेषण ।

10. राम ............... भाई लक्ष्मण है । रिक्त स्थान में उचित कारक चिह्न है —

(A) पर (B) का

(C) की (D) से ।

II. **प्रथम दो शब्दों में सूचित संबंध के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित शब्द लिखिए ।** 5 × 1 = 5

11. उद्‌घाटन : व्यंजन संधि :: परमात्मा : ...................................... ।

12. त्रिपुण्ड : द्विगु समास :: दिन-रात : .................................... ।

13. जो अभिनय करती है : अभिनेत्री :: जो विदेश में रहता है : ............................... ।

14. राजा ने तावीज़ परखा : कर्तृवाच्य :: राजा से तावीज़ परखा गया : ....................... ।

15. मैंने पत्र लिखा : भूतकाल :: मैं पत्र लिखूँगा : ............................ ।

III. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए ।** 8 × 1 = 8

16. लाला झाऊलाल का जी क्यों सनसनाया ?

17. चंदेल राजाओं के राजकवि कौन थे ?

18. रूसी युवतियाँ कैसे दिखाई दे रही थीं ?

19. मैना दंपति नाच-गान क्यों करते थे ?

20. कवि इकबाल के अनुसार हमारा संतरी कौन हैं ?

21. कबीर के अनुसार साधु को कैसा होना चाहिए ?

22. ज्योतिषी ने नेपोलियन से क्या कहा ?

23. मन्नू जी के पिता कैसे व्यक्ति थे ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दा या तीन वाक्यों में लिखिए ।** 15 × 2 = 30

24. लोटे का नाम 'अकबरी लोटा' कैसे पड़ा ?

25. बिदेसिया लोकगीत में निहित विषय कौन से हैं ?

26. समा बँध जाने का वर्णन लेखक कैसे करते हैं ?

27. ''मूक प्राणी भी मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते'' । पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

28. कबीर के अनुसार भगवान का निवास स्थान कहाँ होता है ?

29. जग का नवनिर्माण किस प्रकार करें ?

30. स्काउट और गाइड के प्रमुख नियम क्या हैं ?

31. ''परिश्रम सफलता की कुँजी है'' – स्पष्ट कीजिए ।

32. संत का नाम 'रविदास' क्यों रखा गया ?

33. ''जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं'' – हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था ?

34. रुपये की झनझनाहट का वर्णन कैसे किया गया है ?

35. सिपाही ने सरायवाले से क्या-क्या इंतजाम करने को कहा ?

36. सुख की प्राप्ति का मार्ग कैसा है ?

37. संग करने के संबंध में अक्कमहादेवी के क्या विचार हैं ?

38. ''मैं अपने भाग्य का निर्माता स्वयं हूँ'' – यह वाक्य नेपोलियन के कौन से गुण दर्शाते हैं ?

V. **निम्नलिखित लेखक / कवि का परिचय दीजिए ।** $2 \times 3 = 6$

39. जैनेन्द्र ।

40. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना ।

VI. **छन्द पहचानकर लक्षण बताइए ।** 3

41. सूरज फिर से है मुस्काया ।
कोयलिया ने गान सुनाया ।।
आम नीम जामुन बौराए
भँवरे रस पीने को आए ।।

VII. **अलंकार पहचानकर लक्षण बताइए ।** 3

42. तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाएँ ।

VIII. **निम्नलिखित वाक्यों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।** 4 × 3 = 12

43. ''मनुष्य मेरा गुलाम है । मैं उसे हज़ार नाच नचा सकता हूँ ।''

44. ''जब कष्ट हो रहा था, तो आप रुके क्यों नहीं ?''

45. ''जब हुज़ूर को नहीं दीखा तो हमें कैसे दीख सकता है ।''

46. ''मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।''

IX. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए ।** 6 × 3 = 18

47. गाँधीजी ने चम्पारन समस्या का निवारण कैसे किया ?

48. 'जय कर्नाटक' मासिक पत्रिका के बारे में लिखिए ।

49. ''मानव लेना जानता है, देना उसकी प्रकृति नहीं'' — कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

50. घमंडी अभिनेत्री का सर, वेल्स ने कैसे झुकाया ?

51. परसाई जी के अनुसार व्यवस्था में परिवर्तन कैसे किया जा सकता है ?

52. 'बड़प्पन अच्छे नाम या बिरूद से नहीं होता' यह बात बिहारी ने कैसे समझाया है ?

X. **निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए ।** 4

53. जग में सुख ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................. को गले लगाना ।

**अथवा**

पैदा कर जिस ......................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

.................................................................. स्वजीवन सारा ।

XI. **निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।** 4

54. भूख लगी तो गाँव में भिक्षान्न है,
प्यास लगी तो तालाब-कुएँ हैं,
शीत से बचने जीर्ण वस्त्र हैं,
सोने के लिए उजड़े मंदिर हैं,
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
मेरा आत्म-सखा तू ही है ।

**अथवा**

मुरझाये फूल में सुगंधि कौन ढूँढ़ेगा ?
बच्चे में कौन खोट देखेगा ?
हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर
फिर से सद्‌गुण कौन परखेगा ?
हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा
सुनो, हे चन्नमल्लिकार्जुन
नदी पार करने के बाद मललाह को कौन पूछेगा ?

XII. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ-दस वाक्यों में लिखिए ।** $2 \times 4 = 8$

55. सेठ गोविन्ददास की राय में 'सच्चा धर्म' क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

पुरुषोत्तम के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

56. "शीला अग्रवाल जैसी प्राध्यापिका किसी भी विद्यार्थी के जीवन को सँवार सकती है ।" कैसे ? समर्थन कीजिए ।

**अथवा**

मन्नु जी ने राष्ट्रीय आंदोलन में अपनी भूमिका कैसे निभाई ? स्पष्ट कीजिए ।

XIII. **गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** $2 \times 2 = 4$

57. महानगरों में विभिन्न धर्म, विभिन्न भाषा-भाषी एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोग निवास करते हैं । यहाँ पर अनेक प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध होती हैं । स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा सेवा, परिवहन की उपलब्धता, मनोरंजन के साधनों की सुविधा, जीवनोपयोगी वस्तुओं की उपलब्धता आदि के कारण महानगरीय जीवन स्तर ऊँचा माना जाता है । मगर आज बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण महानगरों में प्रदूषण बढ़ रहा है और इस कारण लोगों में अनेक प्रकार के रोग फैल रहे हैं । इसके अलावा सांप्रदायिकता एवं भ्रष्टाचार के कारण भी महानगरों की स्थिति चिंताजनक बनी है ।

   a) महानगरीय जीवन स्तर को क्यों ऊँचा माना जाता है ?

   b) आज महानगरों की स्थिति चिंताजनक क्यों है ?

XIV. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए ।** 5

58. कोई कारण बताते हुए चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शैक्षणिक प्रवास के लिए 3,000 रुपये माँगते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए ।

XV. **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह-पन्द्रह वाक्यों में निबंध लिखिए ।** $1 \times 5 = 5$

59. i) स्वतंत्रता दिवस

   ii) समाचार पत्र ।